राजकीय ई–मेल

कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : एफ 15(4)2020 / कार्मिक–स्ट्रेन्थ / प्रमुवसं–01381 दिनांक : As Per Sign

निमित्त,

समस्त वनाधिकारीगण।

विषय :– कार्यालयों में पदस्थापित फील्ड स्टॉफ के कार्मिकों को मंत्रालयिक संवर्ग संबंधित कार्य से तत्काल हटाने बाबत्।

सन्दर्भ :– इस कार्यालय का परिपत्र क्रमांक एफ 6 ( )2019 / कार्मिक–विविध / प्रमुवसं / 5295 दिनांक 19.09.2019 एवं पत्र क्रमांक एफ 6 ( )2019 / कार्मिक–विविध / प्रमुवसं / 7702–7812 दिनांक 23.12.2019।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत इस कार्यालय के सन्दर्भित परिपत्र एवं पत्र के द्वारा आपको विभाग के कार्यालयों में वन अधीनस्थ कर्मचारियों को मंत्रालयिक संवर्ग संबंधित कार्य से मुक्त कर, वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा हेतु कार्य संपादन के लिए तत्काल लगाने हेतु निर्देशित किया गया था।

इसके उपरान्त भी कुछ कार्यालयों में मंत्रालयिक संवर्ग से सम्बंधित कार्य यथा कार्मिक, स्टोर, विकास, बिल एवं केश सम्बंधी कार्य राजस्थान वन अधीनस्थ सेवा के कर्मचारियों (वनरक्षक, सहायक वनपाल आदि) के द्वारा संपादित किया जा रहा है जो कि पूर्ण रूप से उचित नहीं है।

अतः इस सम्बंध में निर्देशित किया जाता हैं कि आपके कार्यालय में वन अधीनस्थ संवर्ग (फील्ड स्टॉफ) के कर्मचारियों को मंत्रालयिक संवर्ग सम्बंधित कार्य से मुक्त कर, वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा हेतु कार्य संपादन के लिए लगाया जाना सुनिश्चित करें।

(अरिजित बनर्जी)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख)
राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : एफ 15(4)2020 / कार्मिक–स्ट्रेन्थ / प्रमुवसं–01381 दिनांक : As Per Sign

प्रतिलिपी उप वन संरक्षक, सूचना एवं प्रोद्योगिकी कार्यालय हाजा को विभागीय वैबसाईट पर प्रकाशन करने हेतु।

(बृज मोहन गुप्ता)
उप वन संरक्षक (अराजपत्रित)
कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक
राजस्थान, जयपुर

Document certified by ARIJIT BANERJEE <ariban@gmail.com>.

Digitally Signed by ARIJIT BANERJEE
Designation : Principal Chief Conservator Of Forest
Date :22-11-2024 03:41:36

कार्यालय का पता– कमरा नं. ए– 402 अरण्य भवन, झालाना संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर
फोन न. 0141–2713810 Email id – dcfnz.estt.forest@rajasthan.gov.in
वेब साईट www.forest.rajasthan.gov.in